तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 22 जून 2026

11 योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : तुलेश्वरी

12 योग शरीर को शक्ति, मन को शांति एवं जीवन को...






Sanjeevani Multispeciality Hospital
संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य
आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।
4 साल से लगातार सफलतापूर्ण कोर्स संपूर्ण
ADMISSION OPEN 2026-27
उपलब्ध कोर्स: OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN
संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुने? अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रैक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता
एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## योग दिवस : जिलेवासियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, इंडोर स्टेडियम में पौधारोपण

# योग प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर, जिसने पूरे विश्व में पहचान बनाई : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आयुष विभाग के तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिलेभर में उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रही। जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप संचालक वरुण जैन, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में योग प्रशिक्षक गणेश एवं सहयोगी शिक्षकों ने प्रतिभागियों को कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने आज पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक मान्यता मिली और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने स्वस्थ, अनुशासित एवं जागरूक समाज के निर्माण के लिए नियमित योगाभ्यास को आवश्यक बताते हुए सभी नागरिकों को योग अपनाने का संकल्प दिलाया।




### - योग मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच का प्रभावी माध्यम : कलेक्टर

कलेक्टर बीएस उइके ने कहा कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग स्वस्थ, सक्रिय एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से कार्यक्षमता, एकाग्रता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

### प्रशासनिक अमला और दिग्गज जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

योगाभ्यास के पश्चात सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इंडोर स्टेडियम परिसर में अमरूद का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अन्य अतिथियों ने भी पौधरोपण कर हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, उप संचालक समाज कल्याण डी.पी. ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं जिले की सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### मैनपुर के नए थाना प्रभारी बने सिद्धेश्वर प्रताप सिंह

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना में आज रविवार को नया थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण किया। उन्होने पत्रकारों से बातचित करते हुए कहा की क्षेत्र के नागरिकों को भय मुक्त वातावरण प्रदान करना और शांति व्यवस्था को सुदृण बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होने आगे बताया की अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएगें। ज्ञात हो कि इसके पूर्व थाना प्रभारी सिद्धेश्वर सिंह राजधानी रायपुर में लम्बे समय तक सेवा दे चूके है।



### महिला के साथ गाली गलौज

**महासमुंद।** लाखागढ़ में रहने वाली एक महिला के साथ गाली गलौज करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने सीमा यादव निवासी वार्ड नंबर 18 सांई मंदिर के पीछे लाखागढ़ ने आरोपी कुबेर कश्यप के खिलाफ पुरानी रंजिशवश गाली गलौज किए जाने का मेरे घर के सामने आकर पुरानी रंजिशवंश गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कुत्तों को भगाया, तो मां बेटी ने किया विवाद

**महासमुंद।** कुत्तों को भगाने को लेकर हुए विवाद में पिथौरा के लाखागढ़ में एक व्यक्ति के साथ मां और बेटी द्वारा गाली गलौज करने के मामले में पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी कुबेर कश्यप निवासी वार्ड नंबर 18 सांई मंदिर के पीछे लाखागढ़ ने बताया कि 20 जून को 10.30 बजे घर के पास दुकान से आ रहा था, इसी दौरान उसे कुत्तों ने घेर लिया, जिन्हें भगाने के लिए वह चिल्लाया। जिस पर पास के घर की महिला सीमा यदु एवं उसकी लड़की सृष्टि यदु उसके साथ गाली गलौज करने लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के लालपुर में रहने वाली एक महिला के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। मामले में दो लोगों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नंबर 6 लालपुर की पद्मिनी साहू ने बताया कि सब्जी बेचने का काम करती है। मकान बनाने के लिए उसके घर के सामने रखी ईंट में से कुछ ईंटों को कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया था। जिसे लेकर वह पूछताछ कर रही थी, तभी पड़ोसी राजकुमार यादव एवं उसकी पत्नी हम लोगों पर क्यों चिल्ला रही हो कहकर गाली गलौज किया।

## संजीवनी एक्सप्रेस में सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में 108 संजीवनी एक्सप्रेस की तत्परता और स्वास्थ्यकर्मियों की सूझबूझ से एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव एंबुलेंस में ही कराया गया। समय पर मिली चिकित्सा सहायता के कारण मां और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। 'ग्राम तुहामेटा निवासी सतना सोरी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गर्भवती महिला को उपचार के लिए मैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में 'नाउमुड़ा नाला' के पास महिला की प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस में तैनात 'ईएमटी पूजा चक्रधारी' ने धैर्य और कुशलता का परिचय देते हुए तत्काल सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था की। ईएमटी पूजा चक्रधारी की तत्परता और अनुभव के चलते महिला ने एंबुलेंस में ही एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 'दोपहर 1.40 बजे जन्मे नवजात का वजन 2 किलो 800 ग्राम' है। प्रसव के बाद मां और नवजात की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की गई तथा दोनों को सुरक्षित रूप से 'मैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र' पहुंचाया गया। चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के बाद बताया गया कि 'मां सतना सोरी और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।' इस सफल प्रसव के बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा तथा ईएमटी पूजा चक्रधारी का आभार व्यक्त किया।



# वनभूमि पर जहां पहले रतनजोत पौधे लगाए, अब वहां अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



आज से लगभग 20 वर्ष पहले वर्ष 2006 में छत्तीसगढ़ सरकार ने गरियाबंद जिले में भी लगभग 12300 हेक्टेयर में रतनजोत रोपा था, लेकिन रतनजोत के पौधों का रख-रखाव नहीं होने और प्रोसेसिंग प्लांट नहीं लगाए जाने से लोगों को रतनजोत से न बायो डीजल मिल पाया न ही ऑयल ग्रीस जहां-जहां रतनजोत रोपे गए थे, वहां ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है। इस तरह डीजल संकट से निपटने और अरब से न खाड़ी से डीजल मिलेगा बाड़ी से, का सपना टूट गया है। बताते चलें कि 20 साल पहले 8 नवंबर 2006 को महामहिम राष्ट्रपति डॉ. एपीजी अब्दुल कलाम का रायपुर प्रवास हुआ था। उस समय उन्होंने छत्तीसगढ़ को रतनजोत के मामले में संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र बताते कहा था कि रतनजोत बायोडीजल के क्षेत्र में देश की तस्वीर बदल सकता है रतनजोत की खेती संभावनाओं से भरा क्षेत्र है। रतनजोत के बीज से बायोडीजल ही नहीं इसके प्रसंस्करण से मोबिल ऑयल, ग्रीस, शैंपू, प्लास्टिक चिप्स, पेंट आदि बनाने का रोजगार स्थापित किया जा सकता है, इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने बायोडीजल प्राधिकरण का गठन किया था नया रायपुर में बायोडीजल प्लांट भी स्थापित किया था, लेकिन शासन की उदासीनता के चलते ही मल्टीपरपस जेट्रोफा अर्थात रतनजोत से कुछ नहीं मिला और करोड़ों रुपये डूब गए।

जहां रतनजोत लगाए गए थे वहां अब अवैध कब्जा वन विभाग द्वारा गरियाबंद जिले के वनभूमि में जहां–जहां पहले बड़े पैमाने पर रतनजोत की खेती किया गया था उन स्थानों में अधिकांश जगाहों पर अब अवैध कब्जा हो गया है और रतनजोत के पौधे गायब हो गए है मैनपुर देवभोग मार्ग में ऐसे कई स्थानो पर रतनजोत के कई पौधे लगाए गए थे वहां अवैध कब्जा देखे जा सकते है। मैनपुर वनपरिक्षेत्र अधिकारी आर के साहू ने बताया की जहां भी शासकीय वनभूमि पर कब्जा किया गया है उसकी जांच कराये जायेगी।

### पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी से जानलेवा हमला, सिर पर 18 टांके

**नवापारा-राजिम।** पुरानी रंजिश को लेकर एक मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक छांटा निवासी ललित साहू उम्र 40 वर्ष 19 जून की सुबह करीब 10:45 बजे किसी काम से गोबरा बस्ती आए हुए थे। वे गोबरा बस्ती स्थित रेखा किराना दुकान के सामने खड़े होकर अपने मोबाइल पर बात कर रहे थे, तभी वहां एक युवक पहुंचा जो किसी पुरानी बात को लेकर ललित से विवाद करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उस युवक ने गाली-गलौज करते हुए अपने हाथ में रखे डंडे से ललित साहू के सिर और होंठ पर जोरदार हमला कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित के परिजन मौके पर पहुंचे और घायल ललित को तुरंत शासकीय अस्पताल नवापारा ले गए। डॉक्टर ने 18 टांके लगाए। घायल ललित के पुत्र लक्की साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

# खबर छपते ही लखना घाट पर पसरा सन्नाटा, दिनभर नहीं दिखे हाइवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम






रविवार को हरिभूमि में प्रकाशित रेत का खतरनाक खेल, 3 की हत्या के बाद भी नहीं मान रहे तस्कर शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद पूरा दिन कही भी शहर के भीतर या सड़कों पर रेत ले जाने वाली हाइवा और ट्रैक्टर नहीं दिखी। यहां तक कि जिस लखना घाट में रात 3 बजे से शुरू हो जाता है अवैध रेत उत्खनन का खेल भी थमा हुआ नजर आया। स्पॉट पर केवल रेत के डंप पहाड़ जैसा नजर आ रहा है और चैन माऊंटेन मशीन तथा हाइवा और ट्रैक्टर गायब रहे। यानि रविवार को घाट एकदम वीरान रहा। जानकारी के मुताबिक अफसरों ने अपने दूत लगा रखे थे। शाम तक किसी प्रकार से कोई खबर सामने नहीं आई है। मालूम हो कि नवापारा शहर से मात्र 3 किमी दूर महानदी के ग्राम लखना में रात 3 बजे से अवैध रेतउत्खनन का खेल शुरू हो जाता है जो सूर्योदय के साथ ही बंद भी कर दी जाती है। इस 3-4 घंटे की अवधि में कुछेक ट्रैक्टर लगाकर 20 से 25 हाइवा अवैध रेत डंप कर ली जाती है जिसे दिन भर में बेचा जाता है। यह सिलसिला बारिशकाल के उस अवधि में की जाती है जब शासन द्वारा जून की तारीख 15 से अक्टूबर की तारीख 15 तक पूरी तरह से प्रतिबंधित रहता है। यहां से प्रतिदिन 40 ट्रैक्टर रेत निकाल ली जाती हैं। प्रत्येक ट्रैक्टर दिनभर में 5 से 6 चक्कर लगाकर रेत परिवहन कर रहा है, जिसके चलते प्रतिदिन करीब 200 से 250 ट्रैक्टर रेत निकल जाता है। लेकिन रविवार को पूरा माहोल ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बच्चों एवं ग्रामीणों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

# योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर ग्राम रवेली स्थित ग्रीन पार्क तारा एथलेटिक अकैडमी में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही अकैडमी परिसर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में अकैडमी के नियमित रूप से प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे, युवा खिलाड़ी, गांव के वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं तथा आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रशिक्षक ताराचंद निषाद चित्रा नागेश के मार्गदर्शन में किया गया। उपस्थित लोगों को योग के महत्व, उसके वैज्ञानिक लाभ तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान वातावरण पूरी तरह सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन से परिपूर्ण दिखाई दिया। योग प्रशिक्षक चित्रा नागेश व ताराचंद निषाद ने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद तथा अनेक प्रकार की बीमारियों से बच सकता है। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के बीच योग का महत्व और भी बढ़ गया है। कार्यक्रम में शामिल रवेली, पंडीतरई, भेंडरी लोहरसी के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योगासन प्रस्तुत किए। बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीणों ने भी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की बात कही और कहा कि स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। ग्रीन पार्क तारा एथलेटिक अकैडमी के संचालक ताराचंद निषाद ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है, जिसे ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाता है योग : सचिव

**छुरा**। ग्राम मोंगरा के पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल के बच्चों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक रामरतन मरकाम द्वारा बच्चों को योग का विशेष अभ्यास कराया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी सहित कई महत्वपूर्ण आसनों और प्राणायाम के तरीके सिखाए। योग अभ्यास कराने के साथ ही ग्राम सचिव द्वारका सेन ने बच्चों से कहा कि योग केवल एक दिन की गतिविधि नहीं है, बल्कि इसे हमें अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। योग करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता और पढ़ाई में भी मदद मिलती है। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे और ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### बाहनाकाड़ी मोहल्ले में भीषण आग दमकल और ग्रामीणों की सजगता से टला बड़ा हादसा



**छुईहा बेलर**। ग्राम छुईहा के बाहनाकाड़ी मोहल्ले में शनिवार को लगी आग की घटना में पुलिस अधिकारी फिगेंश्वर , दमकल विभाग राजिम एवं ग्रामीणों की सजगता से एक बड़ा हादसा टल गया। समय रहते किए गए संयुक्त प्रयासों के कारण जान-माल के भारी नुकसान से क्षेत्र को बचा लिया गया।जानकारी के अनुसार आवास निर्माण सामग्री के पास रखे कचरे में आग लगाए जाने के बाद इसकी चिंगारी पीछे स्थित नाले के सामने बांस की झाड़ियों तक पहुंच गई। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी और झाड़ियों के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चिंगारियां आसपास स्थित झील, खुरवा क्षेत्र तथा एक मकान तक पहुंच गईं, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बाहनाकाड़ी मोहल्ले के निवासी बिना समय गंवाए आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। ग्राम के दशरथ ध्रुव के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने घर-घर से बाल्टियों में पानी लाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बाहनाकाड़ी मोहल्ले निवासियों के इस सामूहिक प्रयास से आग के फैलाव को काफी हद तक रोक लिया गया। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी फिगेंश्वर चिंता राम देशमुख ने सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की तथा दमकल विभाग को मौके पर पहुंचने के लिए समन्वय स्थापित किया। फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जहां-जहां आग लगी थी वहां पानी का फव्वारा कर आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। पुलिस बल भी सहायता लिए घटना स्थल पहुंचकर मार्गदर्शन किया।

**मांग : जिले के लिए पर्याप्त प्रशासनिक और भौगोलिक आधार मौजूद**

# राजिम को जिला बनाने की मांग ने पकड़ा जोर चौबेबांधा में 54 एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध

श्यामकिशोर शर्मा ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले पवित्र तीर्थनगरी राजिम को जिला बनाए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। हाल ही में सोशल मीडिया और विभिन्न जनचर्चाओं में प्रदेश में तीन नए जिलों के गठन की संभावनाओं को लेकर चर्चा तेज हुई है, जिनमें भानुप्रतापपुर, भाटापारा और राजिम का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। इस सुगबुगाहट के बाद राजिम को जिला बनाने की मांग ने फिर से नया बल प्राप्त कर लिया है। राजिम केवल एक नगर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर स्थित यह क्षेत्र भगवान श्री राजीव लोचन की पावन नगरी के रूप में देशभर में प्रसिद्ध है। यहां स्थित श्री राजीव लोचन मंदिर, श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर और त्रिवेणी संगम सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि देश और दुनिया के अधिकांश प्रमुख तीर्थस्थलों को जिला मुख्यालय का दर्जा प्राप्त है, लेकिन छत्तीसगढ़ के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक नगरों में शामिल राजिम आज भी जिला बनने की प्रतीक्षा कर रहा है। जिला



न होने के कारण यहां प्रशासनिक सुविधाओं और विकास कार्यों की गति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पा रही है। गौरतलब है राजिम पहले रायपुर जिले का हिस्सा था। वर्ष 2012 में गरियाबंद जिला बनने के बाद राजिम को रायपुर से अलग कर गरियाबंद जिले में शामिल कर दिया गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे क्षेत्र की प्रशासनिक और व्यावसायिक सुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। पहले लोग रायपुर जाकर अपने शासकीय, व्यावसायिक और मंत्रालय संबंधी कार्य आसानी से निपटा लेते थे, लेकिन अब उन्हें लगभग 45 किलोमीटर दूर गरियाबंद जाना पड़ता है। राजिम नगर आज भी विकासखंड मुख्यालय नहीं बन पाया है। अधिकांश महत्वपूर्ण विभागीय कार्यालय गरियाबंद में संचालित होते हैं, जिससे आसपास के सैकड़ों गांवों के लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। राजिम धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला राजिम कुंभ कल्प मेला देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है। लाखों श्रद्धालु यहां संगम स्नान, अस्थि विसर्जन तथा भगवान श्री राजीव लोचन और श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वर्षभर धार्मिक पर्यटन का सिलसिला जारी रहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि राजिम को जिला बनाया जाता है तो यहां पर्यटन, व्यापार, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार को भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी।

**शासन के मापदंडों के अनुरूप लिया जाता है निर्णय-** विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम छत्तीसगढ़ की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। क्षेत्रवासियों द्वारा समय-समय पर राजिम को जिला बनाए जाने की मांग उठाई जाती रही है। इस विषय पर शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार ही निर्णय लिया जाता है। हमारा संकल्प राजिम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर प्रशासनिक सुविधाओं और जनआकांक्षाओं को पूरा करने का है। इसी उद्देश्य के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। पूर्व सांसद एवं राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू कहते है कि कुछ ब्लॉक के गांवो को काटकर लेना पड़ेगा परंतु दिक्कत यह है कि ब्लॉक परिसीमन केंद्र सरकार के अधीन है। राजिम को जिला बनाए जाने से हमें खुशी होगी।

### जिला बनाने वाली बात मत कीजिए, मैं नहीं बनाऊंगा

राजिम जिला गठन के पक्षधर लोगों का कहना है कि इसके लिए पर्याप्त भौगोलिक और प्रशासनिक आधार मौजूद हैं। प्रस्तावित जिले में फिंगेश्वर विकासखंड की 71 पंचायतों के अलावा अभनपुर विकासखंड, आरंग ब्लॉक के कुछ पंचायतें तथा मगरलोड और कुरूद विकासखंड के समीपवर्ती गांवों को शामिल किया जा सकता है। बता दें कि भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रित्व काल में अभनपुर क्षेत्र के कांग्रेस विधायक धनेन्द्र साहू ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम हाऊस में मुलाकात कर जिला बनाए जाने की बात रखी थी जिसे श्री बघेल ने साफ शब्दों में कह दिया था कि जिला बनाने वाली बात मत कीजिए मैं नहीं बनाऊंगा जिला। फिर यह प्रतिनिधिमंडल लौट आया था। खास बात यह है कि राजिम में पर्याप्त जगह है जिला कार्यालय एवं अधिकारी कर्मचारियों के निवास के लिए चौबेबांधा का 54 एकड़ जमीन है जहां विश्व विख्यात कुंभ कल्प मेला लगता है। 25-30 लाख लोग 15 दिनो के इस मेले में शिरकत करते है।

**नगर पंचायत और परिषद से प्रस्ताव पारित, जल्द हो घोषणा-** नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि राजिम नगर हर दृष्टिकोण से जिला बनने हेतु उपयुक्त है। जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता सोसयटी के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने कहा कि एक व्यवसायिक केंद्र है यह व्यवसाय के क्षेत्र में अग्रणी है। राजिम को कुंभनगरी के नाम से जाना जाता है। राजिम जिला बन जाता है तो निश्चित रूप से यहां विकास की संभावनाएं बढ़ जाएगी। जिला पंचायत के पूर्व सदस्य भाजपा के जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि राजिम छत्तीसगढ़ की आस्था, संस्कृति और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। राजिम को जिला बनाए जाने की दिशा में सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा है।

**नवापारा और राजिम को मिलाकर बने संयुक्त जिला-** नवापारा ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा ने कहा कि नवापारा-राजिम दोनों को मिलाकर सयुंक्त जिला बनाना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रशासनिक महामंत्री अधिवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि राजिम, फिंगेश्वर, अभनपुर मगरलोड ऐसे तीन ब्लॉक को मिलाकर राजिम को जिला बनाया जा सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी आशीष शिंदे का कहना है कि वर्तमान में, प्रशासनिक कार्यों के लिए आम जनता को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों का अपव्यय होता है। राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि राजिम सिर्फ आस्था की नगरी नहीं, बल्कि जिला बनने की सभी कसौटियों पर खरा उतरने वाला क्षेत्र है। अब समय आ गया है कि इसे जिले का दर्जा दिया जाए।

# डांगनबाय में भाजपा महिला मोर्चा का सेवा, सुशासन उत्सव

**वक्ताओं ने कहा - सच्चे नेतृत्व से आया खुशहाली का सवेरा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम डांगनबाय ग्राम पंचायत हरदी में एक बेहद गरिमामय और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा छुरा मंडल द्वारा आयोजित इस उत्सव में विकास की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया गया। यह पूरा कार्यक्रम महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व महिला मोर्चा छुरा मंडल की ऊर्जावान अध्यक्ष चित्रारेखा ध्रुव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ताओं ने मंच से अपनी बात रखी और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जमकर तारीफ की केशरी ध्रुव भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कहा की महतारी वंदन योजना के तहत बहनों के खातों में आने वाली खुशहाली हो, या किसानों और गरीबों के जीवन को आसान बनाने के प्रयास हों। दोनों सरकारों की कार्यशैली पूरी तरह पारदर्शी, संवेदनशील और जनता को समर्पित है। जब नेतृत्व सच्चा होता है, तो हर तरफ खुशहाली का ऐसा ही सुंदर सवेरा आता है।

तोकेश्वरी मांझी पूर्व जनपद अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी ने कहा आज देश के हर गरीब और वंचित व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। बीते 12 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, उन्होंने नए भारत की नींव रखी है। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल की पदाधिकारी भगवती दीवान, यामिनी चंद्राकर, संगीता दीक्षित, रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, देवसीर सिन्हा, दिलेश्वरी जगत, संतोषी साहू,चंद्रिका धीवर, कामिनी यादव,कंचन सिन्हा, प्रिया साहू, गिरवर लहरे अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष छुरा, रुपनाथ बंजारे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष उप सरपंच संघ व उप सरपंच ग्राम पंचायत हरदी उपस्थित रहे।

### 12 वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं

**कोपरा**। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार 21 जून को गायत्री मंदिर परिसर, नगर पंचायत कोपरा में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिंदु सिन्हा के निर्देशानुसार महिला मोर्चा कोपरा मंडल अध्यक्ष हीरामणी साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की प्रभारी जिला महामंत्री भारती साहू ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने महतारी वंदन, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण एवं नारी वंदन जैसी योजनाओं से महिलाओं को मिल रहे लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष हीरामणी साहू के नेतृत्व में पौष्टिक पोषण आहार प्रदर्शनी लगाई गई तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही गांव की प्रबुद्ध महिलाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को योग शिविर के माध्यम से योग के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शशिकला साहू ने तथा आभार प्रदर्शन दीपिका देवदास ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पंचायत कोपरा की उपाध्यक्ष तारणी सेन सहित रूखमणि सिन्हा, पार्वती पटेल, रूपा तारक, दीपिका देवदास, नीतू पटेल, देवकी साहू, प्रभा चक्रधारी, निर्मला साहू, तामेश्वरी साहू, दुगेश्वरी साहू, मलेक्छिन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता रही।





# एनएमएमएस परीक्षा में देहारगुड़ा स्कूल की अनुराधा 115 अंक पाकर ब्लॉक टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखंड मैनपुर में पहली बार राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा 2025–26 का सफल संचालन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल में संपन्न हुआ। इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों से कुल 90 छात्र-छात्रओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 85 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की। परीक्षा परिणाम में विकासखंड मैनपुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही कि कुल 6 विद्यार्थियों ने जिला चयन सूची में स्थान बनाया। इनमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के 3 होनहार विद्यार्थियों का चयन होना विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और मेहनत का प्रमाण है। विशेष रूप से विद्यालय की मेधावी छात्र अनुराधा शांडिल्य ने विकासखंड में सर्वाधिक 115 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा का नाम पूरे विकासखंड एवं जिले में गौरवान्वित किया। साथ ही मुंगेश्वर एवं उमा दीवान ने भी चयन सूची में स्थान बनाया यह



सफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के समर्पित शिक्षकों, पालकों एवं ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने इसे शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन और सतत परिश्रम का प्रतीक बताया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल, कांतिलाल साहू, सुरैया टण्वीर, ओमप्रकाश वैष्णव, प्रेरणा कश्यप, रोहन दीवान, इंद्र कुमार, रूपेन्द्र पटेल, संकुल समन्वयक मुकेश ठाकुर, सरपंच महेश दीवान, देवन नेताम, पवन दीवान, जुगलाल, लीलाधर, संजय, कीर्तन, गणेश, शंकर के अलावा समस्त ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार की ओर से समस्त चयनित विद्यार्थियों को मंगलकामनाएं प्रेषित किया।

# जनप्रतिनिधियों, युवाओं और बच्चों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, दिया निरोग का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को राजिम शहर योगमय वातावरण में रंगे नजर आए। हरिभूमि को प्राप्त तस्वीरों के अनुसार विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया तथा लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। सुबह आयोजित कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम तथा ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाएं कराई गईं। प्रतिभागियों ने योग के माध्यम से शरीर और मन को स्वस्थ रखने के महत्व को समझा। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान





करती है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, अनियमित दिनचर्या और विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए योग सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा व्यक्ति मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग दिवस के अवसर पर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशे से दूर रहने तथा प्रतिदिन योग करने का संदेश दिया गया। दिनभर चले विभिन्न आयोजनों के माध्यम से राजिम में योग के प्रति जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। योग दिवस ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि करें योग, रहें निरोग केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ और सुखी जीवन का आधार है।

# देवभोग के विकास के लिए समाधान मंच का गठन, कन्हैया मांझी बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के अंतिम छोर में बसा देवभोग क्षेत्र के विकास के लिए समाधान मंच का गठन किया गया है आज रविवार को समाधान मंच की महत्वपूर्ण बैठक सोसायटी परिसर में आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए चर्चा किया गया साथ ही इस संगठन को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष कन्हैया मांझी, उपाध्यक्ष मुरलीधर नेताम, प्रवक्ता विकाश उपाध्याय, सचिव रणवीर सोनी, कोषाध्यक्ष हरीश तायल, संगठन मंत्री लैबानो सिंह सोनी, संगठन व्यवस्था मंत्री महेश्वर सिन्हा, बैठक व्यवस्था प्रभारी डब्बू कश्यप, सलाहकार मो. फिरोज खान, सोशल





मीडिया प्रभारी पंकज बीसी एवं भोले मांझी को सर्वसम्मति से चयन किया गया इस अवसर पर क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए मंच की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। समाधान मंच देवभोग ने अपनी पहली प्रमुख प्राथमिकता के रूप में बेलाट नाला की समस्या के स्थायी समाधान हेतु संघर्ष एवं पहल करने का निर्णय लिया है। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि बेलाट नाला क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण समस्या है, जिसके समाधान के लिए संगठन जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के समक्ष मजबूती से अपनी बात रखेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष कन्हैया मांझी ने कहा की समाधान मंच का गठन जिस उद्देश्य के साथ किया गया है उसे हम सभी मिलकर पूरा करेगें देवभोग क्षेत्र की जनता वर्शो से सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पुल पुलिया जैसे बुनियादी जरूरतो के लिए संघर्श कर रहे है अब समाधान मंच क्षेत्र की विकास के लिए योजना बद्ध तरीके से लड़ाई लड़ेगी।

## पेज 9 के शेष...

### खबर छपते ही...

शांत नजर आया। बताया जा रहा है कि इस पूरे कारोबार से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नदी तट पर विकसित नर्सरी क्षेत्र के आसपास और उसके समीप से भी रेत का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे नर्सरी की भूमि एवं वहां लगाए गए पौधों के संरक्षण पर खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह खुदाई जारी रही तो नर्सरी क्षेत्र को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ नदी किनारे कटाव की समस्या भी बढ़ सकती है। लगातार हो रहे उत्खनन से महानदी के पर्यावरण, नदी तटों एवं जल प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### योग शरीर, मन...

आज पूरा विश्व अपना रहा है।

**गरीब परिवार का बेटा बना युवाओं की प्रेरणा-** ग्राम रवेली के युवा ताराचंद निषाद ने सीमित संसाधनों के बावजूद क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को सही दिशा देने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने तारा अकैडमी ग्रीन पार्क मैदान रवेली मे बच्चों को खेल, योग और अनुशासन से जोड़ने का प्रयास शुरू किया, जो आज धीरे-धीरे बड़ा रूप ले रहा है। गोपी ध्रुव मंडल अध्यक्ष, पोखराज साहू उपसरपंच, मुकेश ध्रुव, दीपक साहू, प्रेम सिँह नागेश शिक्षक, चित्रा नागेश योग प्रशिक्षक, ताराचंद निषाद योग प्रशिक्षक, सरपंच यशोदा ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि लोमस ध्रुव पूर्व सरपंच श्रवण यादव, संतराम ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप , शिक्षक संतोष साहूसाहू पत्रकार व छोटे बच्चे, ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पिपरछेड़ी पुलिस ने ग्रामीणों को सिखाए सायबर सुरक्षा के गुर

**रसेला**। ग्राम कोपेकसा के आश्रित ग्राम सुखरीडबरी में 5 जून को नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम सुखरीडबरी में जल, संचय, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन विषय पर एक व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे छोटे बच्चों द्वारा श्रद्धा, उल्लास और समर्पण की बीच सिर पर तांबे और मिट्टी के कलश धारण कर जागरूकता का प्रसार किया लोगों और समुदायों को आने वाले पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए भावनात्मक संदेश दिया है। इसी कड़ी में ग्राम कोपेकसा में थाना पिपरछेडी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित इन बच्चों कुमारी दिव्या चक्रधारी, अर्चना ठाकुर, अनिता विश्वकर्मा,सुमन सोरी, रेणुका नेताम, दिव्या नेताम,लबिका नेताम, साक्षी प्रजापति, साधना नेताम,खुश्बु नेताम,इगेश्वरी नागेश, भूमिका मरकाम, पवित्रा यादव, नाव्या नागेश को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर के द्वारा दिए गए सम्मान को थाना प्रभारी पिपरछेडी खुमान साहू, सरपंच रामेश्वर दीवान, प्रधानपाठक टेकेन्द्र यादव, सिपाही अनिल पांडेय, सचिव जोहित लाल ठाकुर, उपसरपंच कुलवन्ती, ग्राम पटेल मेहतर राय, पंच सरिता ठाकुर,हरि यादव ललीत राय, सतोष शिक्षक सहित सभी जनों ने छोटे - छोटे बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही इसी कार्यक्रम में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष तौर पर उपस्थित शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डिजिटल सुरक्षा और सायबर अपराध से बचाव सायबर ठगी से सतर्कता आजकल बढ़ते आनलाइन फ्राड को देखते हुए ग्रामीणों को सायबर अपराध, फर्जी काल,लाटरी और लिंक पर क्लिक करने से होने वाली आनलाइन ठगी के तौर तरीके की जानकारी देकर सचेत किया गया। साथ ही नशे के दुष्प्रभाव ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं को नशे की लत से दूर रहने की हिदायत दी गई।



## खबर संक्षेप



### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करें : जितेंद्र

**राजिम।** योग दिवस के अवसर पर जिला सोसायटी संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने एक संदेश देते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर होती समस्या को देखते हुए इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधारोपण करने की आवश्यकता है। श्री सोनकर ने रविवार को पौधारोपण करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों, सोसाइटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सभी पदाधिकारियों से अपील किया कि वर्षाकाल का भरपूर लाभ उठाते हुए बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाएं। कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि मानव जीवन के लिए प्राणवायु का सबसे बड़ा स्रोत भी हैं। लगातार बढ़ते तापमान और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प भी लें। कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता न होकर जनभागीदारी का अभियान बनना चाहिए। छायादार एवं फलदार पौधों का चयन कर उन्हें तालाबों के किनारे, सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों, सड़क किनारे, खेतों के मेड़ों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर लगाया जाना चाहिए। इससे आने वाले वर्षों में लोगों को छाया, स्वच्छ वातावरण और फल प्राप्त होंगे। श्री सोनकर ने विश्वास व्यक्त किया कि जनसहयोग से चलाया गया यह अभियान निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित विरासत छोड़ने में सहायक बनेगा।

### नगर क्षेत्र में बल्क वेस्ट जनरेटरों के सर्वे के लिए दल का गठन

**महासमुंद।** नगर पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों की पहचान एवं सर्वेक्षण कार्य के लिए दल का गठन किया गया है। नगर क्षेत्र में ऐसे संस्थान, प्रतिष्ठान, होटल, छात्रावास, अस्पताल, मैरिज गार्डन, व्यावसायिक परिसर एवं अन्य बड़े अपशिष्ट उत्पादकों का सर्वे किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से यह सर्वे अभियान संचालित किया जा रहा है। गठित दल द्वारा क्षेत्रवार भ्रमण कर बल्क वेस्ट जनरेटरों की जानकारी संकलित की जाएगी तथा उनसे अपशिष्ट पृथक्करण, संग्रहण एवं प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा। नगर पालिका ने सभी संबंधित संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे सर्वे दल को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित करें। सर्वे के आधार पर नगर क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाया जाएगा।

## योग दिवस : स्वस्थ तन, संतुलित मन, श्रेष्ठ विचारों का सार है योग

# संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान से जुड़ाव है योग : लुकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ›› छुरा

स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा प्रांगण पर जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत छुरा के तत्वाधान में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विकासखंड स्तरीय योगाभ्यास की जिम्मेदारी एससीईआरटी के राज्य स्तरीय योग प्रशिक्षक शंकर लाल यदु, भारत स्वाभिमान न्यास जिलाध्यक्ष संतराम कंवर, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा, युवा भारत जिलाध्यक्ष मिथलेश सिन्हा, माय भारत जिला स्वयंसेवक नरेन्द्र साहू, शीतल ध्रुव को दी गई थी। योगाचार्य शंकर लाल यदु द्वारा वंदना के साथ योग सत्र की शुरुआत की गई। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने ओम की पवित्र ध्वनि द्वारा प्रणव प्राणायाम एवं संगठन मंत्र के साथ योग संगम एवं हरित योग का श्री गणेश किया। संतराम कंवर द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार शिथिलीकरण के अभ्यास ग्रीवाचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, स्कंध संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, वक्रासन, उत्तान मंडूकासन, शशकासन, पेट के बल लेटकर किए जाने वाले भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, बालासन, पीठ के बल किए जाने वाले सेतुबंध आसन, पवन मुक्तासन, उत्तान पाद आसन, अर्ध हलासन, पूर्ण हलासन, शवासन का विधि पूर्वक अभ्यास कराया गया। आसनों के लाभ, सावधानी को बताया गया। शंकर लाल यदु ने अष्टांग योग को परिभाषित करते हुए कहा कि योग सेहत, शक्ति, संतुलन और सफलता की कुंजी है। योग तन, मन और आत्मा को जोड़ता है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के मास्टर ट्रेनर, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा ने ऊर्जा शक्ति के विकास के लिए प्राणायाम का अभ्यास कराया। कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, ध्यान, शीतली प्राणायाम का अभ्यास कराया। सिन्हा ने कहा कि योग करने से पूर्व, कब करें, कहां करें, कैसे करें, आसनों के लाभ, सावधानी आदि का विशेष ध्यान रखना चाहिए। विशेषज्ञ मार्गदर्शक की देखरेख में ही योग करना चाहिए। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने सिंहासन, हास्यासन, शांति पाठ कराया। योगाचार्य नरेन्द्र साहू ने योगाभ्यास में विशेष सहयोग प्रदान किया। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने नशामुक्त छत्तीसगढ़, स्वच्छ छत्तीसगढ़, स्वस्थ छत्तीसगढ़, समृद्ध छत्तीसगढ़ का नारा बुलंद किया।

### स्वस्थ रहने के लिए नगर को रखना होगा स्वच्छ



जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग आत्म संतुलन का मार्ग प्रशस्त करता है। हमें नियमित योग करना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि योग हमें संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान से जोड़ता है। योग, भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है। हमें स्वस्थ रहने के लिए नगर को स्वच्छ रखना होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया। जब शरीर स्वस्थ होता है तब जीवन के सभी कार्य सार्थक एवं सुखद होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। योग शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं टी शर्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत के पार्षद सलीम मेमन, सभापति रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, पतंजलि योग समिति जिला संरक्षक यशवंत यादव, संवाददाता देवसिंग रात्रे, मेशनंदन पांडेय, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रेमदास मार्कण्डेय, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.के. ध्रुव, प्राचार्य एन.सी. साहू, विनोद देवांगन, प्रधानपाठक जोहरा फातिमा कुरैशी, मुरारी राम देवांगन, कृषि विशेषज्ञ रोमन लाल ठाकुर, शंकर सारडा, निखिल साहू, रजत कुकरेजा, कयाराम यादव ने योगाभ्यास का लाभ उठाया।

# जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ›› पाण्डुका



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे विश्व में 21 जून क्रो सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), अतरमरा द्वारा बाजार चौक, में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता कौशिक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ. संगीता कौशिक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित योग अपनाकर हम शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की जीवनशैली है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन योग करने और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न योगासन तथा प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच केजा सोम, उपसरपंच येस कुमार सिन्हा सहित पंचगण उपस्थित रहे। साथ ही हाई स्कूल के प्राचार्य देवांगन एवं मिडिल/प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के एल यादव की उपस्थिति सफल रहा, योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक कुमारी कुसुमलता साहू द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फार्मासिस्ट मोहन ठाकुर, औषधालय सेवक शरद सिन्हा एवं पीटीएस नौहर यादव का विशेष सहयोग एवं सहभागिता रहा।

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : तुलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ›› कोपरा



अंतरराष्ट्रीय योग संगम दिवस 2026 के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भेंडरी की सरपंच तुलेश्वरी साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उपसरपंच ऐलूराम साहू, पालकगण भूषणलाल साहू, चित्ररेखा यादव, तारा साहू एवं यशोदा साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक टीकूराम ध्रुव एवं रेखाराम निषाद ने योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि तुलेश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों, पालकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक लालजी सिन्हा एवं प्रदीप कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर यूथ फॉर यूको क्लब के सदस्य भी उपस्थित रहे तथा योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ।

# मानसिक शांति और सकारात्मक सोच की कुंजी है योग : डॉ. भोल

हरिभूमि न्यूज ›› छुरा



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आईएसबीएम विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय योग सत्र का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उददेश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मध्य योग के महत्व को स्थापित करना तथा स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन सत्र में माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी पी भोल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी पी भोल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है। उन्होंने सभी से नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आहवान किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए योग के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक ध्यान, शांति पाठ एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ।

# एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा में मनाया योग दिवस



**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस वर्ष के योग दिवस की विशेष थीम /"योगा फॉर हेल्थी एजिंग/" (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) रखी गई थी, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने पर केंद्रित रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों और शिक्षकों ने योगासनों का अभ्यास किया। इस दौरान प्रमुख रूप से निम्नलिखित आसनों का प्रदर्शन किया गया। ताड़ासन एकाग्रता और शारीरिक संतुलन के लिए। वृक्षासन मानसिक स्थिरता और एकाग्रता बढ़ाने के लिए। भुजंगासन रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य के लिए। भ्रामरी प्राणायाम मानसिक तनाव दूर करने और शांति के लिए। अनुलोम-विलोमः श्वसन प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलाकांत यादव जी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है। नियमित योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक स्पष्टता और दीर्घायु के लिए भी अनिवार्य है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन का समापन सामूहिक शांति पाठ के साथ हुआ।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### रसेला के गायत्री मंदिर में सामूहिक योगाभ्यास

**रसेला।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को क्षेत्र के सभी सहकारी स्कूलों, सभी सहकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों और मंदिरों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रेरणा से आयोजित 12 वें विश्व योग दिवस के अवसर पर रसेला के गायत्री मंदिर में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, विधार्थियों, बिहान समूह के महिलाएं, कर्मचारी एवं ग्रामवासी ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में सरपंच रूपादेवी ठाकुर, पंच कसराम ठाकुर,बिहान समूह के लोमेश्वरी कोमर्रा, सुकारो ठाकुर, ज्योति यादव, वनरक्षक साहू, संगीता साहू, जगतराम यादव, ठाकुर राम यादव, यशराम यादव, दिव्यानंद यादव सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसमें ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन,शवासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान सहित अनेक योग क्रियाएं कराईं गई। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के प्रमुख ठाकुर राम यादव ने कहा योग हमारी संस्कृति की एक अमूल्य और मूल्यवान धरोहर है।

### रायपुर ग्रामीण संस्कृति प्रकोष्ठ टीम का विस्तार

**नवापारा-राजिम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनुपम पाल, संगठन मंत्री पवन साय, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नांरग की सहमति से सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रेम साधवानी ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें जयप्रकाश वर्मा को सहसंयोजक, हेमचंद साहू सहसंयोजक, खेमचंद कुर्रे सहसंयोजक, विकेश साहू कोषाध्यक्ष, मनोज सेन मीडिया प्रभारी, विक्रांत सुरेशे कार्यक्रम प्रभारी, पालेश महादेवा सोशल मीडिया प्रभारी तथा कार्यकारिणी में ब्रम्हदत्त शर्मा, अशोक गंगवाल, संचिता भट्टाचार्य, प्रेम साहू, गंगा प्रसाद साहू, परसराम साहू, संतराम साहू, इकबाल खान, माधुरी भट्ट राकेश निषाद, अशोक, जागेश्वरी निषाद, सुन्दर लाल वर्मा, गजेंद्र निषाद, चन्दन वर्मा, धनु खूंटे, जयप्रकाश टंडन, महेन्द्र बनाएं गए है।



**योग दिवस : मणीकंचन एवं स्वच्छता दीदीयों की विशेष उपस्थिति में योगाभ्यास**

# योग शरीर को शक्ति, मन को शांति एवं जीवन को नई दिशा देता है : ओमकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम


विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर के गुलाब गार्डन में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी के मुख्य आतिथ्य में योगाचार्य डॉ रमेश सोसायटी के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। जिसमें नगर के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उपस्थित जन समूह ने अलोम-विलोम, वृक्षासन, ताड़ासन, पद्मासन, वज्रासन, वृक्षासन, कपालभाति योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास किया। योगाभ्यास में विशेष रूप से नगरपालिका की मणिकंचन एवं स्वच्छता दीदीयों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ, मन को शांत एवं जीवन को नई दिशा देने का सबसे सरल उपाय है। योग मनुष्य को स्वस्थ जीवन एवं आत्मविश्वास प्रदान करता है। योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि बेहतर जीवन जीने की कला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों ने 21 जून को योग दिवस मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ से सहमति मिली है। केवल भारत ही नहीं वरन विश्व के 177 देशो में 21 जून को विश्व योग दिवस का आयोजन किया जाता है। नगरपालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि योग से स्वस्थ शारीरिक काया, मानसिक शांति एवं एकाग्रता मिलती है। स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए नियमित योगाभ्यास आवश्यक है। योगाभ्यास में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पूर्व उपाध्यक्ष दयालुराम गाड़ा, पार्षद नम्मूनारायण ध्रुव, रामरतन निषाद, पूर्व पार्षद मयाराम साहू, परदेशी राम साहू, मुकुन्द मेश्राम, धीरज साहू ,गोपाल साहू, मुकेश निषाद, इंद्रजीत ठाकुर, प्रदीप शर्मा, शिव शर्मा, मंगल सेन आदि शामिल थे।



### छुरा थाना में मनाया गया योग दिवस



**छुरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस थाना छुरा परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना स्टाफ, समाजसेवियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने उपस्थित जनों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और तनावमुक्त जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल ने कहा कि पुलिस कर्मियों सहित प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं जागरूक रहने के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग से मानसिक एकाग्रता, कार्यक्षमता और सकारात्मक सोच का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल, सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश मिश्रा सहित थाना स्टाफ के अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं समाजसेवी शीतल ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



### पूर्व मंत्री चंद्रशेखर सहित प्रबुद्ध जनों ने किया योगाभ्यास

नवापारा-राजिम। 21 जून को पूरे विश्व के साथ-साथ नवापारा-राजिम क्षेत्र में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न योग शिविरों से गरिमामयी तस्वीरें सामने आई हैं, जो समाज को स्वास्थ्य और सजगता का संदेश दे रही हैं। योग दिवस के मुख्य आयोजनों में क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों और राजनीतिक पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा, भाजपा नेता किशोर देवांगन, परदेशी राम साहू और कैलाश तिवारी सहित कई वरिष्ठ जन योगाभ्यास के लिए मैदान में उतरे।





### भेण्डरी में योगाभ्यास

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित योगासन कार्यक्रम में शिक्षक चंद्रहास साहू के मार्ग दर्शन में सरपंच राजेश्वरी पटेल, जनपद सदस्य विनीता, बुड़ेनी सरपंच खेमू साहू, भेण्डरी के पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, हेमंत साहू, छबि साहू सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### कनसिघी में उत्साह के साथ मनाया योग दिवस

**रसेला।** ग्राम कनसिघी सहित आस-पास क्षेत्र में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में सैकड़ों ग्रामीणजन योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन और मानसिक संतुलन का संदेश दिया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरी दुनिया योग की शक्ति को स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। क्षेत्रवासियों से हर दिन योगाभ्यास करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह सिर्फ तन मन को ही स्वस्थ नहीं रखता है बल्कि इससे समाज, क्षेत्र और राज्य के साथ साथ विश्व भी स्वस्थ होता है। आगे कहा कि योग किसी जाति- धर्म विशेष के लिए नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया के कल्याण के लिए है। इस अवसर पर उपसरपंच घनश्याम चन्द्राकार, ग्राम प्रमुख सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव, लिकेश नेताम, राधे कुंजाम, कलेश्वर दीवान, किशोर सोरी, खिलवान ठाकुर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### परसदा के अमृत सरोवर तालाब में योग कार्यक्रम

**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम गांव के अमृतसरोवर तालाब में रखा गया जिसमें मुख्य रूप से गांव के सरपंच रमेश वर्मा वरिष्ठ मनरेगा में टीकू याद्व गांव के पंचायत सचिव रामचंद्र तारक एवं मनरेगा मजदूर उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर योग की शुरूआत हायर सेकेंडरी स्कूल के पीटी टीचर यदु सर द्वारा प्रारंभ किया गया। जिसमें ताड़ासन ,वज्रासन ,ओमविलोम जैसे योग को सिखाया गया। टिकू यादव ने बताया कि योग हमारे संस्कृति का प्राचीन देन है करो योग रहो निरोध योग से हमारे मांसपेशी तथा शारीरिक क्षमता सुदृढ़ होती है इसलिए सभी व्यक्तियों को अपने जीवन शैली में से 10से 15 मिनट समय निकालकर प्रत्येक दिन योगाभ्यास करना एवं अपने जीवन में सम्मिलित करना बहुत जरूरी है जिससे हम निरोग एवं सुदृढ़ काया पा सके। कार्यक्रम में योगेश यादव ,मोहन साहू ,रामजी खिलवारे ,संत रामपाल ,राजेश साहू ,गिरिराज वर्मा सहित अनेक लोग शामिल हुए।



# तन, मन, धन को सुधारना है तो प्रतिदिन योग करें: मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर छुरा एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में सामान्य योग अभ्यास प्रोटोकॉल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संरक्षक श्री यशवंत यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि योग केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि जीवनभर स्वस्थ, निरोग और संतुलित रहने की जीवनशैली है। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बन सकता है। इस अवसर पर योगाचार्य मिथिलेश सिन्हा ने योग के इतिहास, दर्शन एवं वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा की अमूल्य देन है, जिसका उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित जीवनशैली और विभिन्न रोगों से बचाव के लिए योग सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टीकम मरकाम, किरण वर्मा, ओम डहरिया, अल्का सिन्हा, कुंती साहू, सेवक निषाद, मैनाज बेगम, कविता यदु, टेकेश्वरी तारक, भारती यादव, निधि शाह, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, राहुल सिंह, रितु शर्मा, डाली, दुहिता उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्राचार्य संतोष वर्मा ने किया।



# व्यायाम नहीं, सकारात्मक जीवन जीने की कला है योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को मंगल बज़ार चौक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला लोहरसी में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों, छोटे-बड़े बच्चों, बुजुर्गों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन अनुशासित बनता है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आर के अग्रवाल व संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि /"योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने की कला है। बच्चों को छोटी उम्र से ही योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उपस्थित सभी ग्राम जनों और छोटे बच्चों को अलग-अलग योग को शिक्षक तातु राम साहू और पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिन्हा ने योग कराया। इस दौरान प्रथम नागरिक सरपंच लोमश साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, पंच जागेश्वर साहू, संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा, प्रचार्य आर के आग्रवाल, प्रधान पाठक सालिक राम साहू, प्रधान पाठक धनमत नेताम, सचिव ओमप्रकाश सिन्हा, शिक्षक तातु राम साहू, शिक्षिका आभा गंधर्व, शिक्षक मुकेश यादव, दिलीप साहू, बंशी लाल साहू, पंच विक्रम साहू, कोमल ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, लेखराम साहू, गुलशन साहू, योगेश, चिम्मन यादव, स्वीपर नंदकुमार पटेल, रोजगार सहायक देवेंद्र साहू, दुखु राम यादव, नूतन साहू, सहित छोटे-छोटे बच्चे व ग्रामीणजन मौजूद रहे।





